SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

Civil Services (Main) Examination, 2024

**PHKM–U–PSY**

## मनोविज्ञान (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए तथा यदि उत्तर की शब्द-सीमा मान्य सीमा से ज्यादा अधिक अथवा ज्यादा कम हो, तो अंकों में कटौती की जा सकती है।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

## PSYCHOLOGY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to and if answered in much longer or shorter than the prescribed length, marks may be deducted.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* मनोविज्ञान को विज्ञान क्या बनाता है? विवेचना कीजिए।

What makes psychology a science? Discuss.

*(b)* प्रासंगिक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए स्वतंत्र, आश्रित और मध्यस्थताकारी चरों की व्याख्या कीजिए।

Citing relevant examples, explain independent, dependent and mediating variables.

*(c)* अवलोकन और सर्वेक्षण विधियों के विशेष सन्दर्भ में मनोविज्ञान में प्रदत्त (डेटा) संग्रह की विधियों का वर्णन कीजिए।

Describe data collection methods in psychology with special reference to observation and survey methods.

*(d)* वृद्धि और विकास के बीच अन्तर कीजिए। विकास की पारिस्थितिकी के सन्दर्भ में जीवन-पर्यन्त विकास के सिद्धान्तों की व्याख्या कीजिए।

Differentiate between growth and development. Explain the principles of life span development in the context of developmental ecology.

*(e)* पसंद और प्राथमिकताओं के निर्माण में प्राचीन अनुबन्धन के सिद्धान्त किस प्रकार सहायता करते हैं? विवेचना कीजिए।

How do the principles of classical conditioning help in the formation of likes and preferences? Discuss.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**2.** *(a)* संरचनावाद, प्रकार्यवाद और व्यवहारवाद के विशेष सन्दर्भ में अनुशासनात्मक विचारधाराओं में विविधता का वर्णन कीजिए।

Describe the diversity in the disciplinary thoughts with special reference to structuralism, functionalism and behaviourism. 20

*(b)* प्रासंगिक अध्ययनों के सन्दर्भ में संज्ञानात्मक मनोविज्ञान के उद्भव तथा विकास का वर्णन कीजिए।

Citing relevant studies, describe the emergence and development of cognitive psychology. 15

*(c)* द्विविध प्रसरण विश्लेषण के अभिग्रहों को समझाइए। एक उदाहरण की सहायता से मुख्य एवं अन्तःक्रिया प्रभावों को स्पष्ट कीजिए।

Explain the assumptions of two-way ANOVA. With the help of an example, illustrate main and interaction effects. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**3.** *(a)* प्रात्यक्षिक सतर्कता कार्य निष्पादन के सन्दर्भ में संकेत संज्ञापन सिद्धान्त (एस०डी०टी०) की विवेचना कीजिए।

Discuss the signal detection theory (SDT) with reference to perceptual vigilance task performance. 20

*(b)* क्या दंड हर परिस्थिति में प्रभावी होता है? दंड के सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्षों की विवेचना कीजिए।

Does punishment work in all situations? Discuss the pros and cons of punishment. 15

*(c)* क्या पुनःनिर्मित स्मृति परिशुद्ध होती है? शोध साक्ष्यों के सन्दर्भ में पुनर्निर्माण प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।

Is reconstructed memory accurate? Describe the process of reconstruction, citing research evidence. 15

**4.** *(a)* प्राचीन और क्रियाप्रसूत अनुबन्धन के बीच अन्तर कीजिए। उचित उदाहरण सहित इनके अनुप्रयोगों की विवेचना कीजिए।

Differentiate between classical and operant conditioning. Discuss their applications with suitable examples. 20

*(b)* विभिन्न एकनेत्रीय और द्विनेत्रीय संकेत हमें गहराई के प्रत्यक्षीकरण में कैसे सहायता करते हैं? उदाहरणों की सहायता से विवेचना कीजिए।

How do various monocular and binocular cues help us with depth perception? Discuss with the help of examples. 15

*(c)* स्मृति और विस्मृति की प्रक्रियाओं के बीच अन्तर कीजिए। साथ ही, बहुभंडार मॉडल तथा अधिस्मृति (मेटा-मेमोरी) को स्मृति के अध्ययन में नवाचार के रूप में निरूपित कीजिए।

Differentiate between the processes of memory and forgetting. Also, discuss multistore model and meta-memory as innovations in the study of memory. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* शोध साक्ष्य के सन्दर्भ में क्रियाशील स्मृति (वर्किंग मेमोरी) के घटकों की व्याख्या कीजिए।

Citing research evidence, explain the components of working memory.

*(b)* जेम्स-लैंग और कैनन-बार्ड के संवेग सिद्धान्तों के बीच मुख्य अन्तर क्या हैं? व्याख्या कीजिए।

What are the main differences between James-Lange and Cannon-Bard theories of emotion? Explain.

*(c)* बुद्धि और अभिक्षमता के बीच अन्तर कीजिए। साथ ही, एक अच्छे बुद्धि परीक्षण की मुख्य विशेषताओं की विवेचना भी कीजिए।

Differentiate between intelligence and aptitude. Also, discuss the main features of a good intelligence test.

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

(d) व्यक्तित्व के जैविक और सामाजिक-सांस्कृतिक निर्धारकों का वर्णन कीजिए। अपने उत्तर को भारतीय अध्ययनों की सहायता से स्पष्ट कीजिए।

Describe the biological and socio-cultural determinants of personality. Illustrate your answer with the help of Indian studies.

(e) क्या संज्ञानात्मक विसंगति, अभिवृत्ति बदलने में प्रभावी है? शोध साक्ष्यों के आलोक में विवेचना कीजिए।

Is cognitive dissonance effective in changing attitude? Discuss in the light of research evidence.

**6.** (a) समस्या-समाधान युक्तियों के रूप में स्वतःशोध और एल्गोरिदम कैसे भिन्न हैं? तर्क करने में मानसिक विन्यास की भूमिका का प्रायोगिक साक्ष्य की सहायता से वर्णन कीजिए।

How do heuristic and algorithm differ as problem-solving strategies? Illustrate the role of mental set in reasoning with the help of experimental evidence. 20

(b) संवेग के जैविक तथा सांस्कृतिक आधारों की व्याख्या कीजिए। क्या लोग अपने संवेगों को अशाब्दिक संकेतों के माध्यम से प्रकट करते हैं? विवेचना कीजिए।

Explain the biological and cultural bases of emotion. Do people reveal their emotions through non-verbal cues? Discuss. 15

(c) सांवेगिक बुद्धि के मुख्य घटकों की व्याख्या कीजिए। शोध साक्ष्य इसके संवर्धन में प्रशिक्षण की भूमिका के बारे में क्या सुझाव देते हैं? विवेचना कीजिए।

Explain the main components of emotional intelligence. What does the research evidence suggest about the role of training in its enhancement? Discuss. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**7.** (a) व्यक्तित्व के मनोविश्लेषणात्मक और मानवतावादी उपागमों के बीच विभेद कीजिए। इन उपागमों के उपयोग को लेकर हुए नये विकासों की विस्तार से विवेचना कीजिए।

Distinguish between psychoanalytic and humanistic approaches to personality. Discuss in detail the recent developments in the applications of these approaches. 20

(b) प्रासंगिक उदाहरणों का उल्लेख करते हुए यह समझाइए कि आन्तरिक और बाह्य प्रेरणा कैसे भिन्न होती हैं। प्रासंगिक अध्ययनों का उल्लेख करते हुए आन्तरिक प्रेरणा को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए।

Citing relevant examples, explain how intrinsic and extrinsic motivation differ. Referring to relevant studies, describe the factors influencing intrinsic motivation. 15

(c) आर० ई० एम० निद्रा के प्रकार्यों और प्रमुख स्वप्न-सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए।

Discuss the functions of REM sleep and major theories of dreaming. 15

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

**8.** *(a)* भाषा विकास के प्रति स्किनर और चॉम्स्की के दृष्टिकोण किस प्रकार भिन्न हैं? भारतीय सन्दर्भ में द्विभाषिकता तथा बहुभाषिकता की प्रक्रियाओं और परिणामों की विवेचना भी कीजिए।

How do Skinner and Chomsky differ in their approach to language development? Also, discuss the processes and outcomes of bilingualism and multilingualism in Indian context. 20

*(b)* मानव व्यवहार पर आधुनिक कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी और कृत्रिम बुद्धि के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

Critically evaluate the positive and negative effects of modern computer technology and artificial intelligence on human behaviour. 15

*(c)* भारतीय समाज में पूर्वाग्रह और भेदभाव को कम करने के लिए आप एक सिविल सेवक को क्या सलाह दीजिएगा? विवेचना कीजिए।

What advice would you give to a civil servant to reduce prejudice and discrimination in Indian society? Discuss. 15

★ ★ ★

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE

SPM IAS ACADEMY
SHAPING BRILLIANCE